आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 11.11.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आज पूरी दुनिया भारतीय युवाओं की क्षमता के प्रति आकर्षित है।
- न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- सरकार ने आयुष्मान कार्ड धारकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रत्येक सूचीबद्ध अस्पताल में आयुष्मान मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया है।
- प्रदेश में कल इगास बग्वाल का त्योहार मनाया जाएगा....... हरकी पैड़ी में आज शाम भव्य गंगा दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

श्री स्वामीनारायण मंदिर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज पूरी दुनिया भारतीय युवाओं की क्षमता के प्रति आकर्षित है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के ज्यादातर नेताओं की अपेक्षा है कि उनके देश में कुशल जनशक्ति– भारतीय युवा काम करें। श्री मोदी आज सवेरे गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की वैश्विक मांग और बढ़ने वाली है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के दृष्टिकोण को अपनाने और अगले 25 वर्ष में इसे हासिल करने में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कुशल श्रमिकों की एक नई पीढ़ी विकसित करने के लिए सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों को रेखांकित किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के इक्यावन वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

केदारनाथ उपचुनाव

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर आगामी 20 नवंबर को मतदान होना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग तैयारियों में जुटा है। इसी बीच, जिले में सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हैं। भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री गणेश जोशी ने आज तल्लानागपुर क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगा। उन्होंने जनता से क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पार्टी प्रत्याशी मनोज रावत के लिए तुंगनाथ और कालीमठ घाटी के गांवों का भ्रमण करते हुए जनसमर्थन मांगा। इसके अलावा यूकेडी और अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी जनसंपर्क कर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं।

कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन

कुमाऊंनी भाषा के संवर्धन और प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से हर साल राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस साल चंपावत जिला मुख्यालय के गौरल चौड़ मैदान स्थित सभागार में 10 नवंबर से 12 नवंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश भर से कुमाऊंनी साहित्यकार, लेखक, और जनकवि भाग ले रहे हैं। भाषा सम्मेलन के आयोजक नवीन पंत ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य कुमाऊंनी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराना है।

आयुष्मान मित्र

प्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्ड धारकों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रत्येक सूचीबद्ध अस्पताल में 10 मरीजों पर एक आयुष्मान मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया है। आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण सरकार ने यह निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि ''आयुष्मान मित्र'' अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का मार्गदर्शन और सहायता करेंगे। उन्होंने बताया कि बड़े अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड

धारक मरीजों के लिए 10 बेड आरक्षित किए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में इन मरीजों को आसानी से भर्ती किया जा सके।

## इगास बग्वाल

प्रदेश में कल इगास बग्वाल का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इगास, दीपावली के 11वें दिन एकादशी को मनाया जाता है। इस अवसर पर घरों में दीये जलाए जाते हैं और तरह–तरह के पकवान बनाए जाते हैं। कुमाऊं क्षेत्र में इसे बूढ़ी दीपावली के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व पर रात में स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना के बाद ढोल दमाऊं के साथ लोक नृत्य किया जाता है और भैलो खेला जाता है। हरिद्वार के रुड़की में आयोजित रामलीला मंचन में प्रतिभाग करने पहुंची संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में इगास–बग्वाल मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। वहीं, हरिद्वार जिले के हरकी पैड़ी में आज शाम भव्य गंगा दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान गंगा घाट पर तीन लाख से अधिक दीये जलाये गये। साथ ही भव्य और आकर्षक ड्रोन शो का प्रदर्शन किया गया।

## उत्तरकाशी कीवी उत्पादन

उत्तरकाशी जिले में कीवी और सेब उत्पादन की अपार संभावनाओं को देखते हुए तकनीकी प्रशिक्षण के लिए 28 सदस्यीय काश्तकारों के दल को हिमाचल के सोलन भेजा गया है। मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय किसानों को मौसम के अनुसार कीवी और सेब उत्पादन से जुड़ी जलवायु परिवर्तन की बारीकियों के बारे में प्रायोगिक तौर पर विस्तृत प्रशिक्षण देगा।

## ऐपण प्रतियोगिता

प्रदेश की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से नैनीताल जिले में अंतर विद्यालयी ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में 13 और अंतर विद्यालयी वर्ग में 27 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद साह ने ऐपण कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है। उन्होंने इस प्रतियोगिता को ऐपण कला को पुनर्जीवित करने का सराहनीय प्रयास बताया।

## बहुउद्देश्यीय शिविर

ऊधमसिंह नगर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज सितारगंज के ग्राम सिसौना में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

सत्यापन अभियान

सुरक्षा के मद्देनजर हरिद्वार जिले में पुलिस की ओर से सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 1 हजार 532 लोगों का सत्यापन किया जा चुका है। इस दौरान बिना सत्यापन के किराएदार रखने वाले 2 सौ 22 भवन स्वामियों पर 22 लाख 20 हजार का जुर्माना लगाया गया, जबकि 66 लोगों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद सिंह डोभाल ने पुलिस को चेकिंग के साथ ही सत्यापन अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

38वें राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में 28 जनवरी से शुरू हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए खेलों से जुड़े सभी खेल उपकरणों और अन्य संसाधनों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया 25 दिसंबर तक पूरी करने की डेडलाइन तय की गई है। देहरादून में हुई बैठक में उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह ने बताया कि राज्य और एसोसिएशन की सभी तैयारियां बेहतर ढंग से चल रही हैं। बैठक में रेलवे को पत्र भेजकर विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करने का भी निर्णय लिया गया।